हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 17 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

11 सिद्धेश्वर नगरी में लगा मेला, अंचल के हजारों ...



12 शिवनाथ नदी तट पर गंगा आरती...





## खबर संक्षेप

### मदकू द्वीप पर आज स्वच्छता अभियान

**भाटापारा।** प्रदेश कुनबी समाज महासंगठन छत्तिसगढ़ के तत्वावधान में 17 नवंबर रविवार को समाज के समस्त जिला पदाधिकारियों द्वारा, मदकू द्वीप पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस स्वच्छता अभियान में प्रदेश अध्यक्ष रंजीत भाऊ मुनेश्वर एवं समस्त प्रदेश कार्यकारिणी के साथ दुर्ग जिले के पदाधिकारी, बिलासपुर शाखा के पदाधिकारी का नेतृत्व भाटापारा के अध्यक्ष प्रेम भाऊ बोहरे करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिती पूर्व विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा के शिवरतन शर्मा रहेंगे। इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य पालिथीन मुक्त करना है। प्रदेश कुनबी समाज वर्षों से पालिथीन मुक्त अभियान के तहत आम जनता को कपड़े के थैले, छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर वितरण करते हैं। मदकू दिप पर रोजाना शेकडो लोग पिकनिक मनाने जाते हैं। शेष पेज 11 पर

## सनसनी : मौत 7-8 दिन पूर्व होने से शव की शिनाख्त में आ रही है बाधा


# सीमेंट प्लांट में मिला अज्ञात शव, नहीं हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम रवान स्थित सीमेंट प्लांट में शनिवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आकर लाश को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला चिकित्सालय में ले जाकर रखा गया है। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाने के कारण मामला उलझ गया है। वहीं शव मिलने की खबर पर संयंत्र प्रबंधन चुप्पी साधे हुए है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को प्लांट में कार्य करने पहुंचे कुछ श्रमिकों को संयंत्र में कोल स्टोरेज एरिया के समीप नाले के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव दिखाई पड़ने पर तत्काल इसकी सूचना संयंत्र प्रबंधन व सुरक्षा अधिकारियों को दी गई थी। जिसके पश्चात मौके पर पहुंची पुलिस व संयंत्र के सुरक्षा अधिकारियों ने शव का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि शव के पास किसी प्रकार के पहचान पत्र नहीं मिलने तथा मृतक की मौत 7-8 दिन पूर्व होने से शव की शिनाख्त में बाधा आ रही है। यह शंका भी जाहिर की जा रही है कि संयंत्र में तीसरे यूनिट के जारी निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अन्य प्रांत से आकर कार्य करने वाले किसी श्रमिक का शव हो सकता है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### पुलिस मामले की जांच में जुटी




### सुरक्षा को लेकर श्रमिकों में चिंता

संयंत्र में हजारों की संख्या में अन्य प्रांत से पहुंचे श्रमिकों के कार्य करने तथा उनके बारे में प्रबंधन के द्वारा पुलिस प्रशासन को नियमानुसार जानकारी नहीं देने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ प्लांट में कार्यरत श्रमिकों में भी असुरक्षा की भावना पड़ गई है। लोगों का मानना है कि संयंत्र में सुरक्षा व्यवस्था में कमी हो सकती है। शंका यह भी जताई जा रही है कि श्रमिकों के मध्य विवाद होने से किसी श्रमिक की हत्या तो नहीं कर दी गई है। इस बारे में श्रमिक संगठनों ने घटना की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच कराने की मांग उठाने की जानकारी दी है।

### श्रमिकों की नहीं दी जानकारी

संयंत्र में कार्यरत कॉन्ट्रेक्टर द्वारा अन्य प्रांतो के श्रमिकों को लाकर कार्य पर रखा गया है। लेकिन अभी तक उनकी सूची संयंत्र प्रबंधन अथवा संबंधित कॉन्ट्रेक्टर द्वारा नियमानुसार जमा नहीं की गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पश्चात दिगर प्रांतों के कार्यरत श्रमिकों का डाटा बेस तैयार करने का कार्य जारी रहने की जानकारी दी गई है।

- **अभय झॉ**, निरीक्षक सिटी कोतवाली थाना बलौदाबाजार

### मामला मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं

सीमेंट संयंत्रों में कार्यरत श्रमिकों से संबंधित मामला उनके अधिकार क्षेत्र शामिल नहीं है। चुंकि सीमेंट संयंत्र में कार्यरत श्रमिकों के बारे में सभी प्रावधान केन्द्र सरकार के अधीन रखा गया है। अतः सीमेंट संयंत्र प्रबंधन द्वारा कार्यरत श्रमिकों से संबंधित समस्त जानकारी केन्द्रीय श्रम आयुक्त कार्यालय अवंति बिहार रायपुर को दी जाती है।

- **सूरज कुमार**, सहायक श्रमआयुक्त बलौदाबाजार

### डेटा बेस की कमी से मामले में उलझन

मिली जानकारी के अनुसार संयंत्र में करीब एक वर्ष से तीसरे यूनिट का निर्माण कार्य जारी है। तथा कार्य के लिए अन्य प्रांतो से पहुंचे लगभग 2 हजार श्रमिक यहां पर कार्यरत है। लेकिन संयंत्र प्रबंधन के द्वारा स्थानीय पुलिस प्रशासन को अबतक यहां कार्यरत श्रमिकों का डेटाबेस नही दिया गया है। जिसके कारण शनिवार को मिली लाश के मामले में श्रमिको तथा ग्रामीणो के द्वारा कई तरह के सवाल खड़े किये जा रहे है। इस घटना के पीछे की हकीकत पुलिस की जांच के बाद और पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगी।

# विधायक देवेंद्र के खिलाफ 449 पेज का चार्जशीट पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

सिटी कोतवाली पुलिस भिलाई नगर के विधायक देवेन्द्र यादव के खिलाफ बलौदाबाजार नगर में 10 जून को घटित तोड़फोड़ व आगजनी के मामले में गुरूवार को 449 पेज का चार्जशीट न्यायालय में पेश किया गया है। जिसमें देवेन्द्र यादव पर भीड को उकसाने का षडयंत्र रचने ,दंगा भड़काने तथा इसके परिणाम स्वरूप कई लोगों को हानि पहुंचने का आरोप पुलिस की ओर से लगाया गया है। सिटी कोतवाली में दर्ज अपराध क्रमांक 386 के न्यायालय में 449 पेज के प्रस्तुत अभियोग पत्र में घटना से जुड़ी सभी अहम जानकारी और साक्ष्य शामिल है। एएसपी अभिषेक सिंह ने बताया है कि पहले ही 5 लोगों का चालान कोर्ट में पेश कर दिया है। आज विधायक देवेंद्र यादव और ओम प्रकाश बंजारे का चालान पेश किया गया हैं। 13 अलग–अलग प्राथमिकी दर्ज हुई है। जिमसें सभी 13 प्रकरणों में चालान पेश किया जा चुका है। कई मामले जिसमे आरोपी फरार हैं, जांच चल रही हैं। उसमे और सबूत मिलने पर चालान पेश किया जाएगा। वहीं आरोपी देवेन्द्र यादव के अधिवक्ता अनादिशंकर मिश्रा से चर्चा करने पर बताया गया कि बलौदाबाजार सिटी कोतवाली पुलिस के द्वारा अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। शेष पेज 11 पर

■ विधायक के खिलाफ लगाई गई कई धाराएं

### न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई 23 नवंबर को तय

सीजेएम कोर्ट ने इस केस की अगली सुनवाई 23 नवंबर को तय की है। वहीं आरोपी की ओर से जमानत आवेदन पर उच्च न्यायालय बिलासपुर में 13 नवंबर को सुनवाई होनी थी लेकिन उनके अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किये जाने की जानकारी देते हुए अभियोग पत्र मिलने के पश्चात पक्ष रखे जाने का निवेदन करे हुए सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाने की प्रार्थना करने पर उच्च न्यायालय द्वारा 20 नवंबर को पक्ष रखने का समय दिया गया है।

## कलेक्टर ने सारंगढ़ सामुदायिक अस्पताल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश साहू ने सीएमएचओ डॉक्टर एफआर निराला के साथ सामुदायिक अस्पताल सारंगढ़ का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने ओपीडी में आए मरीजों और आईपीडी में भर्ती मरीजों से हॉस्पिटल की व्यवस्था के संबंध में पूछताछ की। इसके साथ हो पोषण पुनर्वास अंतर्गत कमजोर बच्चों, दवा वितरण केंद्र, ऑपरेशन थियेटर, प्रसव के बाद परिजन और शिशुओं के लिए आरक्षित कमरे, ऑक्सीजन प्लांट, क्लब हाउस का निरीक्षण किया। ऑपरेटर ने ऑक्सीजन प्लांट से ऑक्सीजन उत्पादन और सप्लाई की जानकारी कलेक्टर को दी। इस अवसर पर एसडीम प्रखर चंद्राकर, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू व वर्षा बंसल, तहसीलदार मनीष सूर्यवंशी उपस्थित थे।



## कोतवाली के पूर्व प्रभारी की जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

नगर के चर्चित सेक्स स्कैंडल के मामले में पूर्व में एक कोतवाली प्रभारी की जमानत याचिका छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। प्रकरण में स्कैंडल के मुख्य सरगना द्वारा दिये गये कथन में उक्त पुलिस अधिकारी की संलिप्तता का आरोप लगाया गया है। जिसके चलते उक्त पुलिस अधिकारी ने जिला एवं सत्र न्यायालय में भी पूर्व में जमानत हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसे खारिज कर दिया गया था।

गौरतलब है सेक्स स्कैण्डल के मुख्य आरोपी द्वारा अपने कथन में उक्त पुलिस अधिकारी के संलिप्त रहने व आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। जिसकी विवेचना थाना सिटी कोतवाली में जारी है। जिसके चलते पुलिस अधिकारी ने पहले जिला अदालत में जमानत याचिका दायर किया था। लेकिन न्यायालय द्वारा जमानत देने से समाज में गलत संदेश जाने विशेषकर जब पुलिस अधिकारी पर इस प्रकार गंभीर आरोप हों कि टिप्पणी करते हुए याचिका खारिज कर दिया था। जिसके शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468



## खबर संक्षेप

### शहर जिला साहू संघ का परिचय सम्मेलन 24 को

**रायपुर।** शहर जिला साहू संघ ने आगामी 24 नवंबर को युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया है, जिसके मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू होंगे। संघ के अध्यक्ष केशवराम साहू ने बताया कि विगत 34 वर्षों से जिला साहू संघ द्वारा यह आयोजन किया जाता रहा है। संगठन सचिव एवं मीडिया प्रभारी अश्वनी साहू ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि परिचय सम्मेलन की शुरुआत सबसे पहले साहू समाज ने ही की थी।

### नुआखाई पर अवकाश सीएम का जताया आभार

**रायपुर।** भाजपा जवाहर नगर मंडल के उपाध्यक्ष संतोष निहाल ने राज्य शासन द्वारा नुआखाई पर्व पर अवकाश देने की घोषणा को लेकर आभार जताया है। विज्ञप्ति के माध्यम से श्री निहाल ने कहा है कि उत्कल समाज द्वारा ऋषि पंचमी पर नुआखाई पर्व मनाया जाता है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा अवकाश घोषित किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधायक पुरंदर मिश्रा का जवाहर नगर मंडल के सदस्यों ने आभार जताया है।

### बेटी बचाओ मंच ने मनाया आंवला नवमी पर्व

**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच महादेवघाट परिक्षेत्र का आंवला पूजन शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। मंच के पदाधिकारियों ने अक्षत, रोली, धूप, दीप के साथ पूजन कर मौली धागा से आठ परिक्रमा की। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने इस दिन आंवला पेड़ के महत्व व धार्मिक मान्यता को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा इस दिन आंवला पेड़ पर ब्रह्मा, विष्णु, महेश विराजते हैं तथा माता लक्ष्मी उनकी पूजा करती हैं। कार्यक्रम में रत्ना शर्मा, सुधा शर्मा, शिखा शर्मा, शारदा मिश्रा, इमला ठाकरे, मनीषा मिश्रा, वैजयंती चतुर्वेदी, सरला इंगले, खिलेश्वरी जायसवाल, विनीता शर्मा, शिवम शर्मा सहित पदाधिकारी शामिल थे।

### देवेन्द्र प्रताप विद्युत मंत्रालय के सलाहकार समिति के सदस्य

**रायपुर।** प्रदेश के सांसदों को लगातार केंद्र सरकार द्वारा केंद्र की विभिन्न समितियों में रखा जा रहा है। अब राज्यसभा सांसद कुमार देवेन्द्र प्रताप सिंह को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें भारत सरकार द्वारा गठित विद्युत मंत्रालय की सलाहकार समिति में सदस्य बनाया गया है।

### जरूरतमंद परिवारों के लिए शिक्षा का लंगर शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन के संस्थापक हरपाल सिंग भामरा एवं प्रदेशाध्यक्ष दलजीत सिंग चावला ने बताया कि गुरुनानक देवजी के 556वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में संगठन द्वारा शिक्षा का लंगर जरूरतमंद सिख परिवारों के बच्चे-बच्चियों की शिक्षा के लिए सहायता आरंभ की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय खालसा स्कूल गुरु नानकदेवजी के प्रकाश पर्व पर पहुंचे, जहां उन्होंने शिक्षा के लंगर का अवलोकन किया और संगठन के कार्यों की सराहना की। संस्था द्वारा जरूरतमंद छात्रों को स्कूल फीस, कॉपी-किताब, ड्रेस, बैग व अन्य सामग्री निशुल्क दी जाएगी। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी हरपाल सिंह भामरा, दलजीत सिंह चावला, अरुण छाबड़ा, लवली अरोरा, बंटी गुरुदत्ता, रजिंदर सिंग होरा, गुरमीत सिंह टोनी, मोनू सलूजा, मनमीत सिंग, रंजीत अरोरा, रिंकू मक्कड़, गुरुभेज सिंग, गुरुचरण सिंग टांक, यशवंत सिंग, काके मक्कड़, गोल्डी खनूजा आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीण आवास पर दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला

**रायपुर।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय और छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से रायपुर में दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। 13 और 14 नवंबर को आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण आवास के प्रभावी कार्यान्वयन और विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के ग्रामीण आवास के उप महानिदेशक गया प्रसाद, ग्रामीण आवास निदेशक शक्तिकांत सिंह, एकीकृत वित्त प्रभाग (आईएफ़डी) के निदेशक शैलेश कुमार, संयुक्त निदेशक आशीष शिंदे और आईटी के संयुक्त निदेशक अजय मोरे शामिल थे।

# तीन दिन की बीमारी का दस दिन तक असर, कफ कोल्ड की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

ठंड के मौसम में असर दिखाने वाला कफ कोल्ड सामान्यतः दवा लेने पर तीन दिन में ठीक हो जाता है। इस बार मौसमी उतार-चढ़ाव की वजह से सर्दी-खांसी की परेशानी दस दिन तक अपना असर दिखा रही है। कई मरीजों की समस्या लक्षण आधारित दवा से ठीक नहीं होने पर उन्हें एंटीबायोटिक के साथ स्टेरॉयड भी देना पड़ रहा है। मौसमी वायरस समय के साथ अपना स्वरूप बदलता है। इस बार ज्यादा दिनों तक इसका असर रहने की वजह से रूप में बदलाव की संभावना से चिकित्सक भी इनकार नहीं कर रहे हैं। कफ-कोल्ड की समस्या पिछले पंद्रह दिन से अपना असर दिखा रही है। आमतौर पर सर्दी-खांसी की समस्या तीन से चार दिन में दवा लेने पर ठीक हो जाती है, मगर इस बार दवा की खुराक दस दिन तक लेनी पड़ रही है। इतना ही नहीं, जिन मरीजों को सामान्य दवा के साथ एंटी बायोटिक भी असर नहीं दिखा पा रहा है, उन्हें इलाज के लिए स्टेरॉयड तक देना पड़ रहा है। डाक्टरों का कहना है कि बड़े अस्पतालों में इसकी संख्या कम है, मगर स्वास्थ्य केंद्रों और निजी क्लीनिक में काफी संख्या में मरीज इस मौसमी बीमारी के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। समस्या खांसी और कफ के साथ गले में इन्फेक्श की भी है, जिसके कारण घरघराहट अथवा दर्द तथा खुजलाहट जैसी समस्या हो रही है।

### उतार-चढ़ाव तक ज्यादा प्रभाव

*डाक्टरों के मुताबिक अभी मौसम में उतार-चढ़ाव है, जिसका मानव स्वास्थ्य पर विपरीत असर डाल रहा है। आने वाले दिनों में जब ठंड का असर स्थायी हो जाएगा, तब मौसमी बीमारी का प्रभाव कम होगा। हर मौसम में होने वाले बदलाव के दौरान बीमारी की शिकायत बढ़ती है और कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले इसका शिकार हो जाते हैं। दवा की खुराक के माध्यम से शारीरिक समस्या को नियंत्रित किया जाता है।*

### ठीक नहीं हो रही मौसमी बीमारी तो देना पड़ रहा स्टेरॉयड



### त्योहार के बाद से असर ज्यादा

चिकित्सकों के अनुसार मौसमी बीमारी की समस्या अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े के बाद से अपना असर दिखा रही है। दिवाली के दौरान भारी संख्या में पटाखा फूटने के बाद धुआं और प्रदूषण की वजह से यह समस्या ज्यादा असर दिखा रही है। मौसमी बीमारी के साथ दमा सहित फेफड़े की समस्या से पीड़ित मरीजों पर भी इसका दुष्प्रभाव अधिक नजर आ रहा है।

### असर ज्यादा दिनों तक

सर्दी-खांसी से पीड़ित मरीज अभी ज्यादा प्रभावित दिख रहे हैं। सामान्यतः उन्हें पांच दिनों की खुराक दी जाती है, मगर अभी तीन दिन की अतिरिक्त खुराक देनी पड़ रही है। कफ कोल्ड के साथ गले में इन्फेक्शन की समस्या भी आ रही है।

- डॉ. विनय वर्मा, एमडी चिकित्सक

### बच्चों में भी समस्या

मौसमी बीमारी का असर छोटे बच्चों पर ही हो रहा है। नाक बहने के साथ उन्हें खांसी भी हो रही है। मौसमी बीमारी से पीड़ित मरीज रोजाना आ रहे हैं।

- **डॉ. निलय मोझरकर**, शिशुरोग विशेषज्ञ

## राजधानी के 14 साल पुराने ओवरब्रिज का री-कंस्ट्रक्शन करने एजेंसी तय

# मोवा ओवरब्रिज के डामरीकरण की मोटी परत अब होगी स्लिम, दिसंबर तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



हरिभूमि पड़ताल

शहर के मोवा ओवरब्रिज पर बार-बार डामरीकरण होने से उसकी परत मोटी हो गई है। इससे ओवरब्रिज का वजन बढ़ गया है। इसके चलते मोटी परत पतली करने यानी री-कंस्ट्रक्शन के लिए लोक निर्माण के सेतु विभाग ने एजेंसी तय की है। इस प्रोजेक्ट को दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य विभाग ने तय किया है। जिस एजेंसी को ठेका दिया गया है। उसकी बिलो दर को स्वीकृति मिलने के बाद काम शुरू करने की तैयारी है। राजधानी के 14 साल पुराने मोवा ओवरब्रिज की मोटी परत को उखाड़ने के बाद ब्रिज के बढ़ते लोड को कम करने के लिए 80 लाख का बजट तय है। इसके लिए टेंडर के बाद काम करने के लिए एजेंसी तय की गई है। विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि री-कंस्ट्रक्शन का काम नवंबर माह के अंतिम सप्ताह तक शुरू करने की तैयारी है। इसे एक महीने में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। बताया जाता है कि इस काम को दिन-रात करने पर भी करीब एक महीने का समय लगेगा ही। इससे शहर में दलदल सिवनी, सड्डू, दुबे कॉलोनी आदि इलाके से आने-जाने वाले लोगों को एक महीने परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस काम को रात में कराने पर भी विचार किया जा रहा है। इससे लोगों को धूल व दुर्घटना से तो बचाया जा सकता है, लेकिन आने-जाने की सुविधा लोगों फिर को फिर भी नहीं मिलेगी।

### 12 करोड़ में 14 साल पहले निर्माण

*डब्ल्यूआरएस के बाद शहर का यह दूसरा सबसे पुराना ओवरब्रिज है। इससे भारी वाहनों की आवाजाही ज्यादा होने से विभाग ने कई बार डामरीकरण कराया। इसके चलते सड़क का लोड ब्रिज पर लगातार बढ़ रहा है। इसे देखते हुए 12 करोड़ में निर्मित ओवरब्रिज का वजन कम करने की मुहिम विभाग को 14 साल बाद करनी पड़ रही है। इस कवायद से ओवरब्रिज की सुविधा लोगों को आगामी कई सालों तक देने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए तय एजेंसी से जल्द ही काम कराने की तैयारी है।*

### ओवरब्रिज पर नहीं टिक रहा डामर

*एजेंसी मिलर मशीन से डामर उखाड़कर फिर से डामरीकरण कराएगी। इस री-कंस्ट्रक्शन में निकलने वाले मलबे को ढोने गाड़ियों की आवाजाही बढ़ने से लोधीपारा चौक और मोवा ढलान के पास दिक्कत होने वाली है। काम के दौरान एजेंसी को ओवरब्रिज का पूरा डामर और गिट्टी उखाड़कर दोबारा डामर और गिट्टी बिछाने का काम करना होगा। सर्वे रिपोर्ट के तहत ओवरब्रिज पर डामर नहीं टिक रहा है। इससे हर पैनल के पास गड्ढे होने लगे हैं। ब्रिज पर डामर और गिट्टी से भरे जाने के बाद भी गड्ढे ठीक नहीं हो रहे हैं।*

### अंडरब्रिज से छोटी गाड़ियों को राहत

*ओवरब्रिज के पास बनवाए गए अंडरब्रिज से भारी वाहनों का आना-जाना भी संभव नहीं है। इस रूट से सिर्फ छोटी गाड़ियों से आने-जाने वाले लोगों को ही राहत मिलेगी। इससे वाहनों का दबाव भी बढ़ने वाला है। इसके अलावा रेलवे क्रॉसिंग से होते हुए भारी वाहनों का मोवा, दुबे कॉलोनी, दलदल सिवनी, विधानसभा तक आना-जाना करना होगा। इससे इस रूट पर आने वाले दिनों में ट्रैफिक दबाव के चलते समस्या बढ़ने वाली है। यह परेशानी हालांकि सीमित दिनों के लिए होगी, पर परेशानी हर वर्ग को झेलनी पड़ेगी।*

# राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था से खफा डीजीपी ने एसपी की ली मैराथन बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था से खफा डीजीपी अशोक जुनेजा ने नक्सल प्राभावित बस्तर को छोड़ शेष 26 जिलों के एसपी की गुरुवार को मैराथन बैठक ली। इस दौरान डीजीपी ने बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए ज्यादातर एसपी को खरी-खोटी सुनाई। डीजीपी ने बैठक अचानक ही बुलाई। बैठक के एक दिन पूर्व सभी जिलों के एसपी को उनके सेट पर इसकी सूचना दी गई। अचानक सूचना मिलने से जिलों के एसपी भी हड़बड़ा गए और आनन-फानन में बैठक में शामिल होने रायपुर पहुंचे। डीजीपी द्वारा आयोजित बैठक में शामिल होने आए जिलों के एसपी की सबसे पहले अजाक के एडीजीपी ने बैठक ली। इसके बाद सीआईडी, ट्रेनिंग, इंटेलिजेंस प्रमुख ने जिलों के एसपी से बात की। संबंधित एडीजी के साथ बैठक होने के बाद अंत में डीजीपी ने जिलों के एसपी के साथ बैठक की।

### डीजीपी ने दिखाए तल्ख तेवर

डीजीपी श्री जुनेजा जैसे ही जिलों के एसपी की बैठक में पहुंचे, उनके तेवर काफी तल्ख थे। गौरतलब है कि जिलों के एसपी के बैठक के पूर्व इंटेलिजेंस चीफ अमित कुमार ने डीजीपी को सभी जिलों की स्थिति के बारे में बिंदुवार जानकारी दे दी थी। पिछले दो महीनों में जिन जिलों में चर्चित आपराधिक घटनाएं ज्यादा हुई हैं। उन जिलों के एसपी के प्रति डीजीपी की नाराजगी साफ तौर पर देखने को मिली।

### हर जिले के एसपी को खड़ा कर वन टू वन सवाल

*पूर्व में डीजीपी की बैठक में सामान्य तौर पर जिलों के एसपी से कानून व्यवस्था की जानकारी ली जाती थी। पहली बार डीजीपी जिलों के एसपी से वन-टू-वन सवाल-जवाब करते दिखे। डीजीपी ने लोहारडीह घटना में पुलिस की परफार्मेंस पर नाराजगी व्यक्त करने के साथ ही थानों में लगे विज्ञापन बोर्ड हटाने के निर्देश दिए। साथ ही राज्य में बढ़ रहे गैंगवार, मादक पदार्थों की अवैध खरीद फरोख्त पर अंकुश नहीं लगाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। राज्य में लॉ एंड आर्डर मेंटेन रखने डीजीपी ने हर माह एसपी के कामकाज की समीक्षा करने की बात कही।*

# नागपुर से झारसुगुड़ा तक ट्रेनों में नहीं होगी भिड़ंत, रेलवे ने जारी किया कवच सुरक्षा का टेंडर

## 614 रूट किलोमीटर तक होगा "कवच सुरक्षा तकनीक" के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में झारसुगुड़ा, बिलासपुर व रायपुर समेत नागपुर सेक्शन में कवच सुरक्षा तकनीक को दायरे में लाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। अब रेलवे ने 614 रूट किलोमीटर के हाई डेंसिटी नेटवर्क मार्ग पर कवच प्रणाली लागू करने के लिए निविदा आमंत्रित की है। इस परियोजना का अनुमानित मूल्य 292 करोड़ रुपय है। निविदा 25 नवंबर को खोली जाएगी। इस परियोजना के अंतर्गत- स्टेशन कवच उपकरणों की स्थापना, भवनों का निर्माण, टावरों की स्थापना, ऑप्टिकल फाइबर केबल, ओएफसी बिछाने का प्रावधान आदि कार्य शामिल होंगे। इसके साथ ही, लो डेंसिटी नेटवर्क के लिए 1563 रूट किलोमीटर क्षेत्र में कवच प्रणाली लागू करने विस्तृत इस्टीमेट को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इस खंड में निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया जारी है और निविदा कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। रेलवे का दावा है कि कवच प्रणाली ट्रेन ड्राइवरों की मदद के लिए एक विश्वसनीय साथी है। यदि ड्राइवर स्पीड कंट्रोल करने या ब्रेक लगाना भूल जाता है, तो कवच प्रणाली ब्रेक इंटरफेस यूनिट द्वारा ट्रेन को स्वचालित रूप से कंट्रोल कर लेती है।

### घने कोहरे में भी सुरक्षित परिचालन

यह प्रणाली ड्राइवर के केबिन में लाइन-साइड सिग्नल के आस्पेक्ट को दोहराती है, जिससे घने कोहरे, बरसात के मौसम के दौरान भी ट्रेन संचालन की सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित होगी। यदि लोको पायलट ब्रेक लगाने में विफल रहता है, तो यह प्रणाली स्वचालित रूप से ब्रेक लगाकर ट्रेन की गति को नियंत्रित करने में मदद करेगी। यह प्रणाली संचालन प्राधिकरण (मूविंग ओथोरिटी) के निरंतर अद्यतन के सिद्धांत पर काम करती है एवं लोको को सीधे टकराव से बचने में, लोको में स्थित संचार माध्यम द्वारा सक्षम बनाती है।

### कवच प्रणाली की यह भी विशेषता

समय पर आटोमेटिक सीटी बजता है और विषमता की स्थिति में या जोखिम के मामले में अन्य ट्रेनों को नियंत्रित एवं सावधान करने के लिए तुरंत सक्रिय हो जाता है। इससे आसपास के क्षेत्रों में सभी ट्रेनों का संचालन तत्काल रुक जाता है। खास बात यह है कि इस तकनीक को देश में तैयार किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मार्च 2022 में कवच सुरक्षा तकनीक का सफल जीवंत परीक्षण दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में लिंगमपल्ली-विकाराबाद खंड पर गुल्लागुडा-चिटगिड्डा रेलवे स्टेशनों के बीच किया था।

# शिविर में तत्काल बनाए अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र

**रायपुर।** प्रसिद्ध कीर्तनी जत्थों ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल द्वारा अल्पसंख्यक हितों के हितार्थ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सहयोग से अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र वितरण पंजीयन शिविर लगाया गया। खालसा स्कूल में लगे शिविर में सुबह 10 बजे से भीड़ उमड़ने लगी थी, जहां शिविर में आवश्यक कागजी कार्यवाही पूर्ण कर तुरंत अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र दिए जा रहे थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अल्पसंख्यक शिविर में पहुंचे, जहां उन्होंने छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल द्वारा लगाए गए शिविर की सराहना की और कहा कि यह उचित पहल है, जिससे एक ही स्थल पर तुरंत अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र बनाकर दिए जा रहे। जनहित के ऐसे शिविर प्रत्येक शहर में लगाने चाहिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कुछ हितग्राहियों को अपसंख्यक प्रमाणपत्र भी वितरित किए। शिविर में 150 से ज्यादा अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र वितरित किए गए। 2000 से ज्यादा लोगों ने फार्म भरकर जमा कराए, साथ ही शिविर में अल्पसंख्यक के हितों की जानकारी देने वाली पुस्तक और अन्य जानकारियों की किताब भी वितरित की गई।



इस दौरान छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, महासचिव गगन हंसपाल, योगेश सैनी, कंवलजीत सिंह बांगा, जसप्रीत सिंह सलूजा, जस्सी खनूजा, दलविंदर सिंह बेदी, सागर चावला सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पीएम आवास योजना 2.0 हितग्राही सर्वेक्षण का काम शुरू

**रायपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत रायपुर नगर निगम क्षेत्र में हितग्राही सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इस योजना के तहत हितग्राही ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। सर्वेक्षण का कार्य शुरू होते ही अब हितग्राही भी इस योजना की जानकारी लेने निगम के जोन और मुख्यालय पहुंचने लगे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत हितग्राही सर्वेक्षण का कार्य 15 नवंबर से प्रारंभ किया गया है। यह कार्य 10 दिसंबर तक जारी रहेगा। इस योजना के तहत लोग निगम के जोन कार्यालयों एवं मुख्यालय कक्ष क्रमांक 107 में जाकर जानकारी भी ले रहे हैं। पहले दिन ही 6 सौ लोगों ने इस योजना की जानकारी ली है। 31 अगस्त 2024 तक के निवासी ही होंगे पात्र2.0 योजना के तहत 31 अगस्त 2024 तक निगम क्षेत्र के निवासी ही इस योजना के लिए पात्र होंगे। 1.0 योजना के तहत 31 अगस्त 2015 के पहले निगम क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य था। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के अंतर्गत डिमांड असेसमेंट सर्वे राज्य शासन के माध्यम से कराया गया था, किन्तु प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लिए आवेदक स्वयं या निकाय के माध्यम से ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

### बैज बोले- सरकारी दफ्तरों में कामकाज की मानिटरिंग का कोई एप क्यों नहीं

**रायपुर ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार ने शराब के ब्रांड की उपलब्धता के लिए एप बनाया है। सरकारी दफ्तर में काम काज की मानिटरिंग का कोई एप नहीं है, लेकिन शराब की ब्रांड के लिये सरकार ने एप बना लिया है। भाजपा सरकार शराब की काली कमाई के लिए प्रदेश में शराब की खपत बढ़ाने में लगी है। विपक्ष में रहते शराबबंदी को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करने वाले भाजपाई अब शराब बिक्री के पैरोकार बन गए हैं। शराबबंदी को लेकर पांच सालों तक हल्ला मचाने वाले भाजपाई बताएं शराबबंदी कब होगी। भाजपा के हर छोटे बड़े नेता ने जनता के बीच घूम-घूम कर शराबबंदी के लिए बढ़ चढ़कर बातें की थी। सरकार में आने के बाद सरकार और भाजपाइयों दोनों के जुबान पर ताला लग गया है। श्री बैज ने कहा कि पहले एयरकूल्ड अहाते बनाकर शराब बिक्री को बढ़ावा दिया गया। अहाते आबंटन में बड़ा घोटाला साय सरकार ने किया है।

## केंद्र के समान 3 प्रतिशत डीए और डीए एरियर्स की मांग

# डीए का एरियर्स हासिल करने फेडरेशन ने दिया पुनर्गठन अधिनियम का हवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों ने सरकार से डीए एरियर्स के भुगतान की मांग उठाई है। बताया गया है कि इस मांग को लेकर कर्मचारी आंदोलित हो रहे हैं। कर्मियों का कहना है कि एरियर नहीं दिए जाने से उनका काफी नुकसान हो रहा है। अब छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 68 (2) के प्रावधान अनुसार छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को भी डीए एरियर्स भुगतान करने की मांग सरकार से गुहार लगाई है।

फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, प्रवक्ता जीआर चंद्रा, चंद्रशेखर तिवारी, सचिव राजेश चटर्जी, अरुण तिवारी, संजय सिंह ठाकुर, रोहित तिवारी ने संयुक्त रूप से कहा है कि मोदी की गारंटी के बाद भी देय तिथि से महंगाई भत्ता नहीं दिए जाने से कर्मचारियों को लगातार आर्थिक नुकसान हो रहा है। अब फेडरेशन ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है कि मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम-2000 की धारा 68(2) के तहत,मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों के बीच सेवा शर्तों में समानता का प्रावधान है। इसी धारा के तहत ही भारत सरकार द्वारा अंतिम रूप से आवंटित राज्य स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों को आपसी सहमति से पारस्परिक स्थानांतरण की सुविधा दी गई थी। मध्यप्रदेश शासन के आदेश 28 अक्टूबर 24 में कर्मचारियों को 50 प्रतिशत डी.ए. का लाभ देय तिथि 1 जनवरी 24 से प्रभावशील किया गया है। आदेश में नगद भुगतान माह नवंबर 2024 से तथा एरियर्स की राशि का भुगतान 4 समान किश्तों में करने का उल्लेख है। जबकि,छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा 17 अक्टूबर 2024 को जारी आदेश में 50 प्रतिशत डीए को 1 अक्टूबर 24 से प्रभावशील किया गया है। जिसके कारण जनवरी- 2024 से सितंबर-2024 कुल 9 माह का एरियर्स लाभ से छत्तीसगढ़ के कर्मचारी-अधिकारी वंचित हैं। फेडरेशन के कर्मचारी नेताओं ने मुख्य सचिव से केंद्र के समान लंबित 3 प्रतिशत डीए देय तिथि जुलाई से अन्य राज्य की भांति शीघ्र स्वीकृत करने की मांग भी की गई है।

# भू-अभिलेख रिकॉर्ड रूम में कर्मचारियों का टोटा, नकल निकालने में लग रहे कई हफ्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टोरेट के भू-अभिलेख रिकॉर्ड रूम से नकल निकालने के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया जितनी आसान है, उतना ही कठिन नकल निकालना है। रिकॉर्ड रूम में कर्मचारियों का टोटा होने के कारण जहां नकल निकालने में कर्मचारियों का पसीना छूट जा रहा है, वहीं नकल के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को भी परेशानी बढ़ी हुई है। कई आवेदकों को नकल मिलने में एक-दो दिन नहीं, बल्कि कई हफ्ते लग रहे हैं, जिसके कारण उन्हें बार-बार रिकॉर्ड रूम के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। यह स्थिति पिछले कई वर्षों से बनी हुई है।

***116 साल से भी पुराने भू-अभिलेख रखे हुए हैं रिकॉर्ड रूम में :*** *कलेक्टोरेट के रिकार्ड रूम में 116 साल से भी ज्यादा पुराने भू-अभिलेख रखे हुए हैं। इन भू-अभिलेख की नकल निकालने के लिए कई लोग आवेदन करते हैं। ज्यादातर राजस्व प्रकरणों के लिए लोगों को पुराने भू-अभिलेख की नकल की जरूरत पड़ती है।*

### 8 कर्मचारी के भरोसे रिकॉर्ड रूम

भू-अभिलेख रिकॉर्ड रूम प्रभारी सहित 8 कर्मचारियों के भरोसे चल रहा है। रूम प्रभारी के साथ दो बाबू, एक कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं 4 भृत्य पदस्थ हैं। भृत्य पद पर पदस्थ कर्मचारी ही रिकॉर्ड रूम से नकल ढूंढकर लाने का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि इन चारों भृत्य कर्मचारी में दो कर्मचारी की बार-बार दूसरी जगह पर ड्यूटी लगा दी जाती है, जिसके कारण नकल निकालने में भी कर्मचारियों को परेशानी होती है।

***1998 के बाद नहीं हुई भर्ती :*** *सूत्रों के अनुसार भू-अभिलेख रिकॉर्ड रूम में वर्ष 1998 में भर्ती की गई थी। इस दौरान रिकॉर्ड रूम में रायपुर जिले के अलावा महासमुंद, धमतरी, बलौदाबाजार-भाटापारा, गरियाबंद जिलों के भी भू-अभिलेख रिकॉर्ड यहीं रखे हुए थे। सूत्रों के अनुसार इस दौरान रिकॉर्ड रूम में करीब सवा सौ कर्मचारियों की भृत्य पद पर भर्ती की गई थी, जिनमें से अब यहां सिर्फ 4 भृत्य कर्मचारी ही पदस्थ हैं। इतने वर्ष गुजरने के बाद अब तक यहां नए कर्मचारियों की भर्ती नहीं की गई है।*

***हर दिन 20-30 आवेदन :*** *नकल निकालने के लिए हर दिन औसतन 25 से 30 लोग आवेदन करते हैं। इनमें से करीब आधे लोगों को भी नकल उसी दिन मिल पाती है, बाकी लोगों को दो से तीन दिन के बाद बुलाया जाता है, लेकिन इनमें से कई लोगों को नकल मिलने में कई हफ्ते लग जाते हैं।*

***रिकॉर्ड ऑनलाइन होंगे तो आसान होगा नकल निकालना :*** *जिल प्रशासन भू-अभिलेख रिकॉर्ड को डिजिटल इंडिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत ऑनलाइन करने की तैयारी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार इसके लिए प्रस्ताव भी बनाया जा रहा है। भू-अभिलेख रिकार्ड ऑनलाइन होने के बाद नकल निकालने में भी आसानी होगी।*

**खबर संक्षेप**

### दो दिवसीय सामूहिक तुलसी विवाह उत्सव का समापन

**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित स्वर्णभूमि में तुलसी विवाह समिति द्वारा दो दिवसीय सामूहिक तुलसी विवाह एवं एकादशी उद्यापन का समापन बुधवार किया गया। कार्यक्रम की मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि आचार्य राजेंद्र महाराज सहित भागवताचार्य देवकृष्ण महाराज के सानिध्य में संगीतमय संकीर्तन में राजधानी रायपुर में इस प्रकार का अनोखा और विशाल आयोजन संपन्न हुआ। बुधवार सुबह 9.30 बजे से हवन किया गया, जिसके बाद दोपहर 12 बजे गोदान पूजन संकल्प कार्यक्रम संपन्न होते ही ब्राह्मण व यजमान जोड़ियों सहित व्रतधारियों के लिए महाप्रसादी एवं महाभंडारे का आयोजन किया गया था, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान राजस्थान से पहुंची नृत्य नाटिका टीम ने शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में हेमलता बंसल, अनिता खंडेलवाल, आरती अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, कांता सिंघानिया, अशोक गोयल, विनोद अग्रवाल आदि शामिल थे।

### विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के पार्षद सभापति धर्मेंद्र यादव ने जनता की शिकायतों व समस्याओं को लेकर महासमुंद कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। धर्मेंद्र ने बताया नगर के छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र में समस्या आ रही है। छात्रों के परिजन के पास जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कोई भी सरकारी पुराना मिशल रिकार्ड य दाखिला खारिज य अन्य दस्तावेज नहीं है। जिसके कारण छात्रों का जाति प्रमाणपत्र नहीं बन पा रहा है। इसी तरह नगर के प्रमुख समस्याओं में से एक नगर के हृदय स्थल भाठापारा वार्ड नं 12, 13, 14 एवं 15 में सालों से निवासरत गरीब परिवार जो घास जमीन व बड़े जंगल के झाड़ में निवासरत है, जहां वन्य जीव हाथियों का आवागमन भी होता है। इन गरीबों का घर कच्ची व झोपड़ी है, जिससे हाथी आने पर जान माल का डर भी बना रहता है।

### तालाबों में दीपक जलाकर किया दान



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली पर्व मनाया गया। इस पर्व पर महिलाओं ने शाम 6 बजे तालाबों में दीपक जलाकर दीपदान का पुण्य प्राप्त किया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली पर्व पर सभी देवताओं में दीपक जलाया जाता है।

# जिस मिनीमाता के नाम पर हर वर्ष सम्मानित होती हैं विभूति, उस नाम पर संचालित स्वावलंबन योजना 6 साल से बंद


हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले अलंकरण समारोह में हर साल विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को पुरस्कृत कर सम्मान किया जाता है। इनमें से एक मिनीमाता सम्मान भी है। यह नाम ऐसी महिला का था, जिन्होंने महिला उत्थान के क्षेत्र में अनेकों सराहनीय एवं उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इस नाम की प्रसिद्धी इसी से लगाई जा सकती है कि अलंकरण समारोह में मिनीमाता के नाम पर किसी को उसके उल्लेखनीय कार्यों को लेकर सम्मानित किया जाता है। इस नाम पर राज्य में मिनीमाता स्वावलंबन योजना भी संचालित है, जिसके तहत अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगारों को खुद का रोजगार शुरू करने के लिए न्यूनतम दर पर लोन दिलाया जाता है, लेकिन यह योजना पिछले करीब 6 वर्षों से बंद पड़ी हुई है। इसके कारण इस योजना का का लाभ जरूरतमंदों को मिल नहीं पा रहा है।

## बेरोजगारों को नहीं मिल पा रहा योजना का लाभ

### वर्ष 2014 में लागू की गई थी योजना

अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण ने वर्ष 2014 में इस योजना को लागू किया था। इसके बाद से यह योजना निरंतर राज्य के सभी जिलों में संचालित की जा रही थी।



### योजना बंद होने का एक कारण लोन की रिकवरी नहीं होना भी

इस योजना का बंद होने का एक कारण हितग्राहियों द्वारा लोन का भुगतान नहीं करना भी है। विभागीय अधिकारियों से मिले आकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में इस योजना के तहत 1068 लोगों को लोन दिया गया था। इनमें से 544 लोगों ने लोन की पूरी किस्त अदा कर दी है, लेकिन शेष 524 लोगों ने अब तक लोन अदा नहीं किया है। इन लोगों से लोन की राशि रिकवरी करने के लिए विभाग द्वारा कई बार नोटिस भी जारी कर चुका है। इसके बाद भी कई हितग्राही अब तक लोन का भुगतान नहीं किए हैं।

### फिलहाल बंद है योजना

मिनीमाता स्वावलंबन योजना पूर्व कांग्रेस शासनकाल से बंद है। इस योजना के तहत आवेदन भी नहीं लिए जा रहे है। पूर्व में जिन हितग्राहियों को लोन दिया गया था, उनमें बहुतों ने लोन की किस्त देना ही बंद कर दिए हैं, जिनसे रिकवरी की जा रही है।

- सुरेश कुमार वर्मा
कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास विभाग

### पूर्व कांग्रेस शासनकाल से बंद पड़ी योजना

मिनीमाता स्वावलंबन योजना पूर्व कांग्रेस शासनकाल से बंद पड़ी है। वर्ष 2018 विधानसभा चुनाव के बाद से इस योजना के तहत किसी जरूरतमंद हितग्राही को लोन नहीं दिया गया है। इसके पीछे की वजह इस योजना के लिए वर्ष 2019 से फंड ही जारी नहीं किया गया है। विभागीय अधिकारियों का भी कहना है कि इस योजना के तहत पिछले 6 साल से आवेदन नहीं लिए जा रहे हैं।

## आयोजन : जैतखाम पर चढ़ाया पालो, राऊत नाचा आकर्षक का केन्द्र रहा

# सिद्धेश्वर नगरी में लगा मेला, अंचल के हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी



शुक्रवार को पलारी के सिद्धेश्वर नगरी में मेला का आयोजन हुआ, मेले में अंचल के हजारों कि संख्या में लोग शामिल हुए तथा ऐतिहासिक और पुरातात्विक भगवान सिद्धेश्वर के दर्शन किए तथा मंदिर परिसर में अद्भुत कलाकिर्तियो से निर्मित मंदिर में फोटोसेशन का खुब क्रेज रहा। वहीं सिद्धबाबा के दर्शन कर मनोकामना अर्जी दी। तो वहीं बाबा जी के अनुयायी ने कई घंटों तक जमीन के अंदर रहकर भक्ति और साधना की तथा समाज लोगों ने जैतखाम पर पालो चढ़ाया। वहीं यादव समाज ने मेला द्वारा मड़ई का आयोजन कर राऊत नृत्य आकर्षक का केन्द्र रहा।

विशाल बालसमुंद तट पर आयोजित मेले का लोगों ने लुफ्त उठाया। मेले लोग जंहा गुपचुप, चाट के चटकारे लिए। वहीं किशोरावस्था के लोगों में अपने हाँथो मनपसंद टैटू बनवाएं।

बच्चे मिकी माऊस जंपिंग और ढेलवा का खुब आनंद लिए। तो वहीं बालिका पेट के खातिर करतब दिखाते नजर आई। मेले को नगर पंचायत द्वारा दुकानदारो सही ढंग से व्यवस्थित कराया गया था। तो वहीं पुलिस प्रशासन की चुस्त दुरुस्त मौजूदगी से मेला शांति प्रिय ढंग से सम्पन्न हुआ।

# बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर उन्हें आगे बढ़ाएं : उपसरपंच



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भवानीपुर

विकासखंड पलारी अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र तमोरी एवं आंगनबाड़ी केंद्र गिधपुरी के कार्यकर्ता एवं सहायिका को उनके किए हुए कार्य को देखते हुए महिला बाल विकास विभाग पलारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देखकर उन्हें सम्मानित किया गया जिसमें ग्राम तमोरी से कार्यकर्ता रुक्मणी चद्राकर सहायिका दयावती कोसले ग्राम गिधपुरी से कार्यकर्ता विमल साहू सहायिका यशोदा साहू को को उनके नमित्त आंगनबाड़ी सचालित करना एवं बच्चों को अच्छी तरह से देखभाल कर उन्हें पढ़ना और शासकीय कार्य में रुचि लेकर कार्य करने पर महिला-बाल विकास अधिकारी नीरज ठाकुर सेक्टर प्रभारी लता कश्यप के के द्वारा सह सम्मान से उन्हें सम्मानित किया गया।

■ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका हुए सम्मानित

जिस पर ग्राम पंचायत खपरी के सरपंच उपसरपंच ने भी उन्हें ग्राम पंचायत भवन में उन्हें शाल श्रीफल एवं तिलक लगाकर सम्मान किया उपसरपंच मुकेश झा ने कहां की आपके द्वारा जो कार्य किया जा रहा है वह बहुत ही सहारनीय योग्य है आप सदा प्रगति की ओर बढ़ते रहें और बच्चों को अच्छी-अच्छी शिक्षा देकर उन्हें आगे बढ़ाएं ताकि उनका भविष्य उज्जवल रहे जिससे आपका नाम भी रोशन हो इसी बीच आंगनवाड़ी केंद्र की सहायिका एवं कार्यकर्ता हिना ढीढी, बुधवतीन ढीढी, चंद्रिका निषाद, जमुना बंजारे, मेनका साहू, मन्नू महलांगे, उमा ढीढी, महेश्वरी को भी ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों द्वारा श्रीफल एवं तिलक लगाकर उन्हें भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच सोनू राम साहू, शिक्षक खेमराज कनौजे, बंधन बघेल, जीवनलाल चोखे साहू दीनानाथ मनहरण वर्मा जितेंद्र शर्मा जीनत बजारे राजकुमार सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका शिक्षक गण बड़ी सख्या में उपस्थित थे।

# भद्रापाली में आंबा कार्यकर्ताओं सहायिकाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुनी



ग्राम पंचायत भद्रापाली के ग्राम पंचायत भवन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओ के सम्मान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया था। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ एवं सहायिकाओ को ग्राम पंचायत द्वारा शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच रामलाल ध्रुव थे। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच रूपेंद्र कुमार वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच रामलाल ध्रुव उपसरपंच रूपेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि बच्चों की शिक्षा से लेकर उनके लालन-पालन की जवाबदारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का होता है। सही मायने में कार्यकर्ता एवं सहायिका मां की तरह होता है। बच्चों को पढ़ाने-लिखाने के साथ साथ उनके खान-पान पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। इस दौरान सचिव भूषण वर्मा पंच राजकुमार ध्रुव श्रीमती ओना बाई वर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गंगा वर्मा शशि वर्मा शशि साहू सहायिका सोनिका वर्मा राधिका वर्मा राजेश्वरी वर्मा रोजगार सहायक गोपीचंद पटेल सहित ग्रामवासी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## अंकोरी में 879 कट्टा धान जब्त, अधिकारियों से बदसलूकी और दुर्व्यवहार करने पर आरोपी को भेजा गया जेल

**महासमुंद।** बसना अनुविभागीय अधिकारी मनोज खांडे के निर्देशन में बीते कल देर रात बसना के ग्राम अंकोरी में विशाल गजेंद्र और जगदीश सिदार के घर में क्रमशः 479 और 400 कट्टा धान के अवैध भंडारण पर सख्ती बरतते हुए कुल 879 कट्टा धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि अंकोरी के विशाल गजेंद्र और जगदीश सिदार के घर में बिना पर्याप्त दस्तावेज के धान का भंडारण किया गया है। तत्पश्चात राजस्व की टीम ने छापामार कार्रवाई की और दस्तावेज मांगे, परंतु पर्याप्त दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहे। इस मामले में प्रशासन द्वारा धान को जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत करवाई कर जब्त किया गया था।

# बाल दिवस पर विविध खेलकूद स्पर्धा हुई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुनी

शासकीय प्राथमिक शाला मलदी में 14 नवंबर बाल दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद में स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़कर हिस्सा लिया। खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर बच्चों में उत्साह का माहौल बना रहा। स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही खेलकूद में भी भाग लिया। शिक्षकों ने भी स्कूली छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर में प्रधान पाठक शैलेंद्र भषगौरी, सुरेंद्र कुमार वर्मा, हेमलता वर्मा, बिंदु वर्मा, लक्ष्मी ध्रुव सहित स्कूली छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## आंवला पेड़ की पूजा अर्चना कर भोग प्रसाद का लिया आनंद

**बिरकोनी।** कार्तिक पूर्णिमा पर्व शुक्रवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। तालाब में प्रातःकाल से स्नान व पूजा चलता रहा। इस मौके पर महिलाओं ने पूरी आस्था के साथ आंवला वृक्ष की पूजा की। अपने आसपास एकत्रित होकर पूजन के बाद छांव में बैठकर भोजन किया। आंवला वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधकर परिवार की खुशहाली के लिए कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर के उद्यानों में समूह में बच्चे सहित परिवार के सदस्यों ने अनेक प्रकार के व्यंजन बनाकर भोजन का आनंद लिया। चंडी मंदिर परिषद नर्सरी, औद्योगिक क्षेत्र, बड़गांव में मोहखार, बरबसपुर में आमा बगीचा, अछरीडीह में महामाया मंदिर बगीचा विभिन्न स्थानों में महिलाएं और बच्चे अलग अलग टोली पहुंची। जिससे यहां पिकनिक जैसा माहौल रहा। दोपहर से शाम तक चहल पहल रही। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार भगवान विष्णु को आंवला अति प्रिय था। इसलिए आंवला पेड़ के नीचे भोजन करने से अति प्रसन्न होते है।

## पेज 9 के शेष

### मदकू द्वीप पर...

भोजन के पश्चात, प्लास्टिक थाली कटोरी, ग्लास और पानी की बोतलों का कुड़ा साथ अन्य कचरे से दिप पर जहां वहां दिखाई देता है। इस दिप पर भोले शंकर के शिव लिंग हैं। जो समाज के लोगों के लिए पवित्र स्थानों में से एक है। इसलिए कुनबी समाज महासंगठन छत्तिसगढ द्वारा इस दिप पर स्वच्छता अभियान से साफ सुथरा करना है। उपरोक्त जानकारी भाटापारा शाखा के मिडिया प्रभारी हेमंत बहेकार द्वारा दी गई है।

### विधायक देवेंद्र के ...

जिसमें पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धाराएं 333, 307, 336 सहित अन्य धाराएं शामिल की है। जिसमें हत्या का प्रयास, आगजनी तोड़फोड़, शासकीय कर्मचारियों के साथ मारपीट आदि आरोप शामिल हैं।

### पूर्व कोतवाली प्रभारी...

बाद संबंधित पुलिस अधिकारी ने उच्च न्यायालय में भी जमानत याचिका लगायी थी परंतु उच्च न्यायालय ने भी जिला अदालत के जमानत न देने के निर्णय को उचित ठहराते हुए इसे खारिज कर दिया है। वहीं मामले के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि स्कैण्डल के आरोपी द्वारा न्यायालय में दिये गये बयान के आधार पर संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ विवेचना जारी है। फिलहाल उनपर अभी प्राथमिकी दर्ज नहीं किया गया है।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
▸ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### वालीबॉल प्रतियोगिता के लिए कुणाल का चयन



**सिमगा।** शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय सिमगा के छात्र कुणाल श्रीवास का चयन उड़ीसा के बरीपदा जिला के श्रीराम चंद भंजदेव विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय बालीबॉल प्रतियोगिता के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की टीम में किया गया है। यह टीम 17 नवम्बर कों उड़ीसा रवाना होगी।

### शराब पिलाने की सुविधा देने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** घर के सामने शराब पीने की सुविधा देने वाले व्यक्ति पर सांकरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम ढाबाखार में एक व्यक्ति अपने घर के सामने में आम लोगों को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शराब पिलाने की सुविधा देने वाले कन्हैया रात्रे पिता रिखीराम रात्रे (46 साल) ढाबाखार को पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



### शराब जब्ती के दो मामलों में आरोपियों पर कार्रवाई


**महासमुंद।** जिले बागबाहरा और बसना थाना क्षेत्र में शराब जब्ती के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि ग्राम पठारीमुड़ा में आरोपी नीलकमल साहू के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1800 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। बसना पुलिस ने बताया कि वार्ड नं 05 मंजनीमाटी बसना में आरोपी केशरराम कोसरिया पिता स्व बालकराम कोसरिया (53 साल) के कब्जे से 17 नग देशी प्लेन शोले शराब कुल कीमत 1530 मरुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

## मांग : जिले के आधार सुपरवाइजरों एवं आपरेटरों ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

# आधार संचालक कल से 3 दिवसीय हड़ताल पर, नहीं बनेंगे आधार न होगा अपडेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

जिले के समस्त आधार सुपरवाइजरों एवं आपरेटरों ने प्रदेश आधार यूनियन के दिशा निर्देश में जिला के जन सुविधा केंद्र संचालक संघ ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 से 20 नवंबर तक तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का ऐलान किया है। आज जिले के सभी आधार केंद्र संचालक संयुक्त जिला कार्यालय पहुंच कर कलेक्टर को ज्ञापन देकर हड़ताल में जाने की जानकारी से अवगत कराया गया। हालांकि इस मुद्दे पर कलेक्टर ने सीईओ चिप्स से बात कर समाधान करने का आश्वासन दिया। बता दे कि जिले में 18 नवंबर से 20 नवंबर तक तीन दिन सभी आधार सेवा केंद्र के संचालक हड़ताल करने वाले हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जन सुविधा केंद्र संचालक वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टोरेट पहुंच कर सीईओ चिप्स के नाम ज्ञापन दिया गया। बलौदा बाजार आधार संघ के जिलाध्यक्ष मोतीलाल बंजारे ने बताया कि विगत कई दिनों से छ.ग के समस्त ऑपरेटरों द्वारा चिप्स सीईओ से मिलकर ऑपरेटरों से जुड़े समस्याओं से अवगत कराने का प्रयास किया गया परन्तु चिप्स सीईओ से ना तो मुलाकात हुई ना तो हमारे पत्राचार पर कोई सुनवाई आज तक नहीं हुई। हमें आश्वासन के अलावा आज तक कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ इस जद्दोजहद से लगभग छग के समस्त आधार ऑपरेटरों में निराशा और आक्रोश का माहौल है। इसी विषय को देखते हुए छत्तीसगढ़ के समस्त जिलो के आधार ऑपरटेर/सुपरवाइजर 3 दिवसीय 18,19 तथा 20 नवम्बर को सांकेतिक हड़ताल में जाने का निर्णय किया गया है, यदि इन तीन दिवसों में जनहित योजनाओं से सम्बंधित कार्य प्रभावित होते है उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन और चिप्स की होगी तथा इन दिवस में भी हमारी परेशानी दूर नहीं होती है उस स्थिति में हम धरना स्थल रायपुर पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर हो जायंगे।



### अपडटे का कमीशन भुगतान नहीं मिला

हमारी मांगे ये है की या तो चिप्स के द्वारा सारे ऑपरटेरो के लिए किट की व्यवस्था की जाए अथवा हमारी आधार किट को ही इन हाउस में सम्मिलित कर लिया जाए। आधार में कार्य कर रहे राज्य के समस्त आधार केंद्र संचालक जिनका नये एवं अनिवार्य अपडटे का कमीशन भुगतान पूर्व में दिसम्बर 2022 तक किया गया था, परन्तु उसके बाद का भूगतान आज दिनांक तक नहीं किया गया है, चिप्स सीईओ तथा आधार प्रोजेक्ट इंचार्ज को कई बार चिप्स कार्यालय आकर निवदेन समस्त ऑपरटेरो द्वारा किया जा चुका है लेकिन हमें केवल आश्वाशन ही प्राप्त होता है। व हमारी मांगे ये है की टेक सपोर्ट की उचित व्यवस्था कराई जाने सहित अन्य मांगे शामिल है। उक्त ज्ञापन प्रतिवेदन देने के लिए जिलाध्यक्ष मोती लाल बंजारे, संरक्षक फिरत सांडे, मीडिया प्रमुख दिपेश्वर चंद्राकर, सचिव पुनाराम साहू, जिला कोषाध्यक्ष तोषन प्रसाद चौबे, टेकराम कोसले, छबिलाल कैवर्त्य, कुंज बिहारी दुबे, उषा साहू, कुमारी वर्मा, अजय केवट, विनय साहू, तुलसी राम जयसवाल, ओंकार केवट, घनश्याम सोनवानी, राजेश खन्ना, राजेश मधु जैन, कुंजबिहारी साहू एवं सभी ब्लाक अध्यक्ष व पदाधिकारी शामिल रहे।

### आधार यूनियन की प्रमुख 6 सूत्रीय मांग

जिला अध्यक्ष मोती लाल बंजारे ने बताया कि 6 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ में लगभग 2000 से अधिक आधार ऑपरटेर चिप्स एजेंसी के अंतर्गत विगत 7 से अधिक वर्षो से लगातार आधार पंजीयन एवं अपडशेन के कार्य में सेवा दे रहे है साथ ही समय-समय पर शासन एवं युआईडीएआई के दिये गये गाईडलाईन एवं निर्देशों का पालन कर रहे है। वर्तमान युआईडीएआई ने आधार केन्द्र को लेकर नये गाईडलाईन जारी किये हैं। जिसके अनुसार पुरे राज्य के आधार कन्द्रों को इन हाऊस मॉडल में शिफ्ट किया जा रहा है। जिसमें गाईडलाईन के अनुसार आधार केन्द्रों में आधार किट एजेंसी चीप्स के द्वारा आधार कन्द्रों को मुहैया कराई जायेगी। परंतु वर्तमान में चीप्स एजेंसी के पास आधार किट पर्याप्त संख्या में नहीं है, ऐसी स्थिति में जो चिप्स एजेंसी के अन्दर कार्य कर रहे है। उनका कार्य बंद होने की स्थिति बन रही है। जिससे आधार ऑपरटेर बेरोजगारी की कगार में है।

# एसपी ने ली अपराध समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शनिवार को सुबह 10.30 बजे से पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध समीक्षा बैठक लिया गया। जिसमें समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों का एजेंडावार लंबित अपराध, चालान, शिकायतों आदि मामलों के निकाल के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अभी ठंड का मौसम आ रहा है जिसमें नकबजनी एवं चोरी करने वाले अपराधिक तत्व हमेशा अपराध करने की ताक में लगे रहते हैं इसलिए गस्त का दायरा बढ़ाएं। समस्त थाना एवं चौकी में नियमित रूप से गस्त एवं चेकिंग पॉइंट लगने चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुंडा बदमाशों, निगरानी बदमाशों की चेकिंग के साथ-साथ उन पर प्रत्येक 06 माह में बाउंड ओवर की भी कार्यवाही करें। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करते समय उनका फिंगरप्रिंट अनिवार्य रूप से लीजिए, विशेष कर संपत्ति संबंधी अपराधों में फिंगरप्रिंट लेना अनिवार्य करें। इसके अलावा मारपीट के प्रकरणों में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के साथ-साथ बाउंड ओवर की भी कार्यवाही अवश्य करें। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि आप सभी थाना चौकी में अधीनस्थ स्टाफ को नई दिशा प्रदान करते हैं।

- लंबित अपराध व शिकायतों दिए दिशा-निर्देश

थाने में पदस्थ विवेचकों की लगातार बैठक लें, अपराध निकाल, थाने के दैनिक दिनचर्या के संबंध में उनसे लगातार चर्चा करें, उनकी खूबियों एवं कमियों को जाने एवं उन सभी के लिए कार्य का अलग-अलग निर्धारण करें। इसके साथ ही 03 माह से अधिक अवधि के समस्त अपराध, शिकायत एवं मर्ग प्रकरण का इस माह के अंत तक अनिवार्य रूप से निकाल करने के लिए हिदायत दिया गय उन्होंने विशेष रूप से कहा कि अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले आरोपियों की धरपकड के साथ ही इस गांजा तस्करी के पूरे चौनल में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने का सार्थक प्रयास करें। साथ ही उन्होंने गांजा तस्करी में शामिल आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही कर, उनके चल अचल संपत्ति का पूरा ब्यौरा हासिल कर समुचित कार्यवाही करने के लिए जोर दिया गया। समीक्षा बैठक में मुख्य रुप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, भाटापारा, एसडीओपी बलौदाबाजार, भाटापारा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं यातायात, सहित समस्त थाना एवं चौकी के प्रभारी गण, पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

## शिवनाथ नदी तट पर गंगा आरती...



**सिमगा।** प्रतिवर्षानुसार की तरह इस वर्ष भी देव दिवाली एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शिवनाथ नदी तट पर गंगा पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ बच्चे भी शामिल हुए। गंगा पूजन कार्यक्रम के आयोजक सिद्धेश्वर शिव मंदिर एवं समस्त भक्तजन आशीष तम्बोली, योगराज देवांगन, आनंद, उत्कर्ष, सूर्यकान्त ताम्रकार, अनुप तिवारी, राज पाण्डेय, लोचन, टीकाराम प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# ग्रामीण जीवन एवं त्योहार का प्रतिबिंब है मड़ई : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन



ग्राम पंचायत मुसवाडीह के आश्रित ग्राम भालूकोना के सुप्रसिद्ध चितावरधाम में 15 नवंबर को भव्य मड़ाई मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम सुर सरोवर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के पहले विधिवत पूजा अर्चना कर मुसवाडीह सरपंच प्रतिनिधि आशीष कुमार वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि मड़ई-मेला ग्रामीण जीवन व त्योहार का प्रतिबिंब रहता है। मड़ई में रिश्तेदार, सगा-संबंधी निमंत्रण मिलने पर आते हैं और मेल मुलाकात करते हैं। एक दूसरे से मेल मिलाप होते हैं आज की बढ़ती आधुनिक युग में लोग मोबाइल से ही संपर्क कर एक दूसरे की हाल-चाल पूछ लेते हैं लेकिन मड़ई मेला एक ऐसी है पर्व है जिसमें लोगों को एक दूसरे मुलाकात करने का अवसर मिलता है। आंचल में प्रथम मड़ाई मेला होने के कारण चितावर धाम में लोगों की भीड़ काफी देखने को मिला पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष जैन सलाम बढ़ते नजर आए इसके अलावा दुकान भी सजे थे झूले पहुंचे थे इसके अलावा आसपास के गांव से भी मड़ाई पहुंचे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जनप्रतिनिधि के अलावा मोहरा समिति व्यवस्थापक दिन बंधु यादव, राम प्रसाद वर्मा, कार्तिक राम वर्मा, छात्रधारी वर्मा, सुरेश कनौजे, मुस्वाडीह सरपंच प्रतिनिधि आशीष कुमार वर्मा, यशवंत वर्मा, जिगर वर्मा, प्रदीप यादव, देवव्रत यादव, सनत सेठ, दूजे वर्मा, मुकेश वर्मा, बहुरन सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# खरोरा स्कूल में बाल दिवस पर विविध प्रतियोगिता हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

मां शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में बाल दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। सर्वप्रथम संस्था के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरु जी छाया चित्र पर पुष्पहार एवं गुलाल लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें स्कूली छात्र- छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बेलून रेस, रंगोली, कुर्सी दौड़, कैरम, चेस, खो-खो, चम्मच दौड़, बोरी दौड़ इत्यादि कार्यक्रम में छात्र-छात्रओं ने भाग लिया और संस्था के प्राचार्य पी एन साहू ने अपना उद्बोधन में बताया की यह दिन हमारे युवा पीढ़ी के पालन पोषण और शिक्षित करने में महत्व की याद दिलाती हैद्य क्योंकि बच्चों हमारे राष्ट्र का भविष्य है। यह दिन बच्चों का सम्मान करने और उनकी भलाई को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

### बच्चों को बाल यौन शोषण के संबंध में जानकारी दी गई

**खरोरा।** मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में तृतीय शनिवार बच्चों को शाला के शिक्षक विशेषर वर्मा ने बताया गया कि बाल यौनशोषण क्या है? बच्चे को जबरदस्ती पकड़ना या उसे छूना, किसी को गाली देना सब बाल यौन शोषण के अन्तर्गत आता है। बाल यौन शोषण की वजह से बच्चों पर शारीरिक, मानसिक और व्यावहारिक प्रभाव भी पड़ता है। इसीलिए जितनी जल्दी हो सके बच्चों की मदद करें और बच्चों को समझाए। बच्चों को बताए उसकी कोई गलती नहीं इसलिए डरने की आवश्यकता नहीं है। बाल यौन शोषण होने पर अपने शिक्षक को, माता पिता या सहेली को बताए। पुलिस थाना में शिकायत करें। स्कूल में पॉक्सो बॉक्स पर अपनी शिकायत करें तथा 100नम्बर या 1098पर डायल कर अपना शिकायत कर सकते हैं। कार्यक्रम में हेमकुमारी साहू, मनहरण वर्मा, मनीष वर्मा, भेष कुमार महिलांग उपस्थित थे।



# तीन ग्राम पंचायत को कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

विकासखंड सिमगा के ग्राम दरचुरा में गत दिवस आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में ब्लॉक के तीन ग्राम पंचायतों हरिनभट्ठा ,बनसांकरा एवं ढाबाडीह को जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर दीपक सोनी ने एवं विधायक इन्द्र साव ने मुख्य मंच से सम्मानित करते हुए तीनों गांव के सरपंचों को अभिनंदन पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि नल जल योजना का सफल क्रियान्वयन ग्राम पंचायत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की सुविधा प्रदान करने में मदद करेगी। हर घर जल योजना के तहत गांव में किए गए प्रमुख कार्य जैसे पाइपलाइन बिछाना, ओवरहेड टैंक का निर्माण, प्लेट फार्म एवं टैप कनेक्शन का निर्माण कर गांव वालो को सौपा गया। साथ ही गांव में ही एफटीके किट के माध्यम से नियमित पेयजल की जांच भी किया जाता है ताकि जल की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी ना हो साथ ही साथ ही उक्त योजना के नियमित संचालन और रखरखाव के लिए गांव में पंप ऑपरेटर भी नियुक्ति किया गया हैं।

- नल जल योजना का सफल क्रियान्वयन पंचायत के लिए उपलब्धि : कलेक्टर



# दुर्घटना जन्य क्षेत्रों में लगे संकेतक बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



जिला पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए लगातार आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है। साथ ही आमजनों, वाहन चालकों में यातायात नियमों का पालन करने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम की आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटना जन्य क्षेत्र में यातायात संकेतक बोर्ड लगाया जा रहा है। इस संकेतक बोर्ड के माध्यम से वाहन चालकों को उक्त स्थल के दुर्घटना जन्य क्षेत्र होने एवं सावधानी से, संयमित गति में वाहन चलाने के लिए अपील किया जा रहा है। साथ ही उक्त संकेतक बोर्ड में कुल दुर्घटना, मृत्यु की संख्या, घायलों की संख्या भी प्रदर्शित किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की आप सभी से अपील सीमित गति से वाहन चलाएं, सदैव हेलमेट धारण करें, एवं यातायात नियमों का सदैव पालन कर स्वयं एवं सड़क मार्ग में चलने वाले आमजनों की सुरक्षा का सदैव ध्यान रखें।







